# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय एवं चतुर्थ तल, ब्लॉक-5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन:– 2708739 E-mail: rajssa.training@gmail.com फैक्स:– 2701822

क्रमांक : राप्राशिप/जय/प्रशिक्षण/2017–18 / 13971 दिनांक : 23/2/18

**जिला परियोजना समन्वयक/**
**अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक**
**सर्व शिक्षा अभियान**
**समस्त जिलें।**

**विषय – न्यूपा आधारित विद्यालय नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के क्रम में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (NUEPA) के तत्वाधान में राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र** (NCSL) **एवं राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान** (NIEPA) द्वारा सामुहिक रूप से विकसित **"Online programme on school leadership and management"** विषय पर आनलाईन कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेने हेतु समस्त उच्च प्राथमिक स्तर के संस्थाप्रधानों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है।

उक्त प्रशिक्षण हेतु **प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन दिनांक 10 फरवरी, 2018 से 28 फरवरी, 2018 की अवधि में** किया जाना है। **ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि दो माह पन्द्रह दिवस (दिनांक 1 मार्च, 2018 से 15 मई, 2018 तक)** होगी। जिसके अन्तर्गत विद्यालय नेतृत्व क्षमता विकास सम्बन्धी सात क्षेत्रों को केन्द्र में रख कर पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिये **समस्त राउप्रावि विद्यालयों के संस्थाप्रधानों को अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन न्यूपा कि वेबसाईट** http://pslm.nuepa.org/. **पर किया जाना है।** अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि न्यूपा आधारित आनॅलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त राउप्रावि के संस्थाप्रधानों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जाना सुनिश्चित करें।

सलंग्नः– उपरोक्तानुसार

**( डॉ0 प्रियाबलराम शर्मा )**
**उपायुक्त, प्रशिक्षण**

**क्रमांकः राप्राशिप/जय/प्रशिक्षण/2017–18/** 13972 **दिनांकः** 23/2/18
**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राज0 सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर।
4. अतिरिक्त आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
5. निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, (न्यूपा), नई दिल्ली।
6. कार्यालय प्रति।

www.rajteachers.com

**( डॉ0 प्रियबलराम शर्मा )**
**उपायुक्त, प्रशिक्षण**